**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर आज विशेष कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।
- इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए एक साझा रोडमैप की रूपरेखा तैयार की जाएगी।
- अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल ने दोनों राज्यों की समृद्धि की कामना की है।
- राष्ट्र स्तरीय का रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो का आयोजन–द्वीपो के उत्पादों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से, विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि सामूहिक पाठ से संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के साथ–साथ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सहित, न्याय के आदर्शों के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि होगी। हर साल 20 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व सामाजिक न्याय दिवस, सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने, अ–समानताओं को कम करने और विशेष रूप से समाज के हाशिए पर पड़े और वंचित वर्गों के लिए अवसरों की समान पहुंच सुनिश्चित करने के वैश्विक संकल्प को रेखांकित करता है।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ने द्वीपसमूह के अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान कल लोक निवास, में एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान द्वीपों में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और प्रगति पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, रामदास अठावले ने कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री ने द्वीपों में लागू की जा रही मंत्रालय की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं का लाभ द्वीप के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँच सुनिश्चित करना था।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन जारी है। शिखर सम्मेलन के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि और एक साझा रोडमैप की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी–जीपीएआई परिषद की बैठकें होंगी। साथ ही सदस्य देश जिम्मेदार और समावेशी एआई पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

<><><><><><><>

नेशनल बुक ट्रस्ट भारत द्वारा कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से प्रदर्शनी मैदान में पुस्तक मेला का आयोजन चल रहा है। कल मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने मेले का दौरा किया और विभिन्न स्टालों पर प्रदर्शित पुस्तकों के विविध संग्रह की सराहना की। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी भी उपस्थित रहीं। मेले में मुख्य भूमि से आए 31 प्रसिद्ध प्रकाशकों ने विभिन्न भाषाओं और विधाओं की पुस्तकों के स्टाल लगाए हैं। चिल्ड्रेन कॉर्नर में बच्चों ने अपनी कल्पना से NBT की प्रसिद्ध पुस्तकों के लिए नए रचनात्मक कवर डिजाइन किए और राष्ट्रीय ई–पुस्तकालय ऐप के लिए शुभंकर बनाए। शाम के समय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आज पुलिस बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि इन राज्यों के स्थापना दिवस पर हम सब उनकी समृद्ध परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और हमारे महान राष्ट्र की प्रगति और एकता में उनके योगदान का सम्मान करते हैं। उन्होंने दोनों राज्यों की शांति, सद्भाव और विकास के पथ पर आगे बढ़ने और देश के विविध ताने–बाने को समृद्ध करने की कामना की है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उत्पादों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 23 और 24 फरवरी को मेगापोड रिसॉर्ट में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय स्तर का रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो' आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कृषि, उद्योग और मत्स्य पालन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन द्वीपों के प्रगतिशील किसानों, कृषि–बागवानी उद्यमियों, मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों और स्टार्टअप्स के लिए एक अच्छा अवसर है, जिसके माध्यम से वे अपने उत्पादों को एक ही मंच पर सीधे राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार का विस्तार, स्थानीय उत्पादों की पहचान और ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करना, व्यापारिक साझेदारी और कृषि, मत्स्य पालन और संबद्ध क्षेत्रों में द्वीपों की समृद्ध क्षमता को उजागर करना है। इस दौरान बिजनेस–टू–बिजनेस संवाद के साथ, द्वीपों के विविध और अद्वितीय उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीप प्रशासन और अंडमान एविएन्स क्लब की ओर से आयोजित पहला चार दिवसीय द्वीप पक्षी महोत्सव का समापन हो गया। इस महोत्सव में क्षेत्र की असाधारण पक्षी जैव विविधता और टिकाऊ पारिस्थितिक पर्यटन की क्षमता के बारे में जानकारी दी गई। इसमें 9 राज्यों के 31 प्रतिनिधियों और द्वीपसमूह के 6 स्थानीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन 14 फरवरी को डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने चिड़ियाटापू में किया। प्रतिभागियों ने चार दिनों के दौरान विभिन्न हॉटस्पॉट्स का दौरा किया, जिनमें महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, माउंट मणिपुर राष्ट्रीय उद्यान, स्टीवर्टगंज आर्द्रभूमि, कालाटांग, चिड़ियाटापू जैविक उद्यान, बड़ा बालू, ओग्राब्रज और सिप्पीघाट के क्षेत्र शामिल थे। क्षेत्रीय दौरों के दौरान प्रतिभागियों ने 130 से अधिक प्रजातियों को रिकॉर्ड किया। महोत्सव में विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस महोत्सव में 'पेलाजिक बर्डिंग' की शुरुआत की गई, जो भारत में बहुत कम जगहों पर उपलब्ध है। इसके अलावा, एक 'स्टार गेजिंग' सत्र भी आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से हाल ही में जहाज एमवी पिलोपांजा पर एक अग्नि सुरक्षा अभ्यास का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य विभागों में मासिक मॉक ड्रिल के

माध्यम से आपदा तैयारियों को मजबूत करना और अनुशासन को बढ़ावा देना है। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी की देखरेख और पोत परिवहन के उप निदेशक के पर्यवेक्षण में किया गया। इसमें निदेशालय के कर्मचारियों के साथ–साथ निजी श्रमिकों ने भी भाग लिया। निदेशालय में अग्नि, सुनामी और अन्य आपातकालीन आपदाओं के प्रति इस तरह के नियमित अभ्यास कार्मिकों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

<><><><><><><>